रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2861] नई दिल्ली, सोमवार, दिसम्बर 5, 2016/अग्रहायण 14, 1938
No. 2861] NEW DELHI, MONDAY DECEMBER 5, 2016/AGRAHAYANA 14, 1938

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 5 दिसम्बर, 2016

का.आ. 3645(अ).—महाराष्ट्र राज्य में मुंबई में संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान, बोरीवली के चारों ओर के क्षेत्र को पारिस्थितिक संवेदी जोन के रूप में घोषित करने के लिए एक भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 229(अ) तारीख 22 जनवरी, 2016 द्वारा उन सभी व्यक्तियों से, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उस राजपत्र की प्रतियां, जिसमें यह अधिसूचना अंतर्विष्ट है, उपलब्ध करा दी गई थी, साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुझाव आमत्रित करते हुए एक प्रारूप अधिसूचना प्रकाशित की गई थी ;

और उक्त राजपत्र, जिसमें उक्त अधिसूचना अंतर्विष्ट है, की प्रतियां जनता को 22 जनवरी, 2016 को उपलब्ध करा दी गई थीं ;

और केन्द्रीय सरकार द्वारा प्राप्त प्रारूप अधिसूचना के प्रत्युत्तर में सभी व्यक्तियेां और पणधारियों से प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर सम्यक्तः विचार किया गया है ;

और संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान (जिसे इसमें इसके पश्चात् राष्ट्रीय उद्यान कहा गया है) मुंबई महानगर में घिरा हुआ एक विशिष्ट पर्यावास है और यह महाराष्ट्र के ठाणे और मुंबई जिले के बीच उत्तर 19° 8.8" से 19° 21" अक्षांश और पूर्व 72° 53" से 72° 58" देशांतरों के बीच अवस्थित है ;

और, राष्ट्रीय उद्यान वनस्पति और जीवजन्तु की संकटापन्न प्रजातियों का एक निवास स्थान है और लगभग 1300 फूलों के पौधों की प्रजातियों, 45 स्तनधारी की प्रजातियों, 43 सरीसृपों की प्रजातियों, 38 सांपो की प्रजातियों, 12 उभयचरों की प्रजातियों, 300 पक्षियों की प्रजातियों, 150 तितलियों की प्रजातियों का पर्यावास है ;

और, यह क्षेत्र स्तनपायी प्रजातियों जैसे तेंदुआ (*पेंथेरा पार्डस*), जंगली सूअर (*सुस स्पा.*), चार सींगों वाले हिरण, ब्लैकनेप्ड खरगोश, जंगली बिल्ली (*फेलिस चौस*), सियार (*कैनिस औरेयस*) और साही (*टेटरासेरस क्वाडरिकोरनिस, हैसट्रिक्स इन्डिका*) के लिए जाना जाता है तथा इसमें पक्षियों की प्रजातियों जैसे मोर (*पावो क्रिसटेटस*), लैसर ग्रेब, पर्पल हैरोन (*अरडिया परपुरेया*), स्मालर इगरेट, लैसर विसलिंग टील, पारिया काइट, बुलबुल का आश्रय स्थल है और राष्ट्रीय उद्यान में अनेक सरीसृप भी पाये जाते हैं जिसके अंतर्गत भारतीय कोबरा और वाइपर सांप हैं ;

और, क्षेत्र की श्रेणी वनस्पति तटवर्ती वनों से पश्चिमी उप-उष्णकटिबंधी पर्वती वनों तक और राष्ट्रीय उद्यान में चैंपियन और सेठ द्वारा भारतीय वनों के प्रकार का संशोधित वर्गीकरण के अनुसार, दक्षिणी-उष्णकटिबंधी आर्द्र मिश्रित पर्णपाती वन और पश्चिमी उप-उष्णकटिबंधी पर्वती वन और कुछ वृक्ष प्रजातियाँ है जिसमें टेकटोना ग्रैंड़िस, ट्रमनीलिया टोमैंटोसा, आकिया कटेचू, अडीना कोरडीफोलिया, मीतरागयान परवीफलोरा, पेट्रोकरपस मरसपियम, होलररेहना ऐंटीडयसेंट्रीका, बूटी मोनोर्स्पमा और डियोसपयोरस मैलनऑक्सीलन आदि है;

और, संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पर्यावरण की दृष्टि से पारिस्थितिक संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिक संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों के वर्गो के प्रचालन तथा प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः, इसलिए, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1) और उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) तथा उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, महाराष्ट्र में संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान की सीमा से 100 मीटर से 4 किलोमीटर तक के विस्तार के क्षेत्र को संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान पारिस्थितिक संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिक संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1. **पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं.—**(1) पारिस्थितिक संवेदी जोन संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान की सीमा से 100 मीटर से 4 किलोमीटर तक के विस्तार में 59.456 वर्ग क्षेत्र में फैला हुआ है और पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा का वर्णन **उपाबंध I** में दिया गया है।

(2) पारिस्थितिक संवेदी जोन का मानचित्र इसके अक्षांश और देशान्तर के साथ **उपाबंध II** के रूप में सम्मिलित है।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन में आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध III** के रूप में सम्मिलित है।

2. पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना.—(1) राज्य सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में संलग्न अनुबंधों के सामंजस्य से आंचलिक महायोजना तैयार करेगी।

(2) आचंलिक महायोजना राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित होगी।

(3) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना ऐसी रीति में, इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट रूप तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के सामंजस्य और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देशों, यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी।

(4) आंचलिक महायोजना, पर्यावरणीय और पारिस्थितिक विचारों को समाकलित करने के लिए राज्य सरकार के सभी संबद्ध विभागों के परामर्श से तैयार होगी, अर्थात्:--

(i) पर्यावरण ;

(ii) वन ;

(iii) शहरी विकास ;

(iv) पर्यटन ;

(v) नगरपालिका ;

(vi) राजस्व ;

(vii) कृषि ;

(viii) महाराष्ट्र राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ;

(ix) सिंचाई ;

(x) लोक निर्माण विभाग।

(5) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो और आचंलिक महायोजना सभी अवसंरचना और क्रियाकलापों में और अधिक दक्षता और पारिस्थितिक अनुकूलता का संवर्धन करेगी ।

(6) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिक और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलूओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे ।

(7) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान एवं प्रस्तावित पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बंदोबस्तों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, फलोद्यान, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यकंन करेगी ।

(8) आंचलिक महायोजना स्थानीय समुदायों की जीवकोपार्जन को सुनिश्चित करने के लिए, पारिस्थितिक संवेदी जोन में विकास को पारिस्थितिक अनुकूल विकास के लिए विनियमित करेगी ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय.—**राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात् :--

(1) **भू-उपयोग -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, आमोद-प्रमोद के प्रयोजन के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक और औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा :

परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर कृषि भूमि का संपरिवर्तन, जिसके अंतर्गत संलग्न नगरों की विकास योजना में विकास खंडों के प्रवर्ग में सम्मिलित भूमियां हैं, मानीटरी समिति की सिफारिश पर और राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, स्थानीय निवासियों की आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए और पैरा 4 की सारणी के स्तंभ (2) के अधीन मद सं0 10, 16, 22, 32 और 35 के सामने सूचीबद्ध क्रियाकलापों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात होंगे, अर्थात् :--

(i) पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों के लिए पर्यटकों के अस्थायी आवासन के लिए पारिस्थितिक अनुकूल आरामगाह जैसे टैंट, लकड़ी के मकान आदि ;

(ii) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, नई सड़कों और अन्य अवसरंचना संकर्मों जैसे मुंबई मेट्रो रेल आदि का निर्माण ;

(iii) नागरिक सुविधाओं का पुनर्रुद्धार और बढ़ोतरी और उन्नयन, जिसके अंतर्गत जल आपूर्ति और भंडारण तथा अन्य नागरिक सुविधाओं के लिए अवसरंचना का सृजन सम्मिलित है, जिसके अंतर्गत विद्यमान पारेषण लाइनों, दूससंचार टावरों आदि में बढ़ोतरी और उन्नयन तथा नए भूमिगत पारेषण केबलों और संचार केबलों आदि की स्थापना सम्मिलित है ;

(iv) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग ;

(v) वर्षा जल संचय ; और

(vi) कुटीर उद्योग, जिसके अंतर्गत ग्रामीण दस्तकार, स्टोर और स्थानीय सुविधाएं है।

परंतु यह और कि जनजातीय भूमि का उपयोग राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन और संविधान के अनुच्छेद 244 या तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या उद्योग विकास क्रियाकलापों के लिए अनुज्ञात नहीं होगा :

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपसंजात कोई त्रुटि, मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार संशोधित होगी और उक्त त्रुटि के संशोधन की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को देनी होगी ।

परंतु यह और भी कि उपर्युक्त त्रुटि का संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा ।

परंतु यह और भी कि जिससे हरित क्षेत्र में जैसे वन क्षेत्र, कृषि क्षेत्र आदि में कोई पारिणामिक कटौती नहीं होगी और अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे ।

(2) **प्राकृतिक जल स्त्रोत** -- आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्त्रोतों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और पुनरुद्धार के लिए योजना सम्मिलित होगी और राज्य सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों पर या उनके निकट विकास क्रियाकलाप प्रतिषिद्ध करने के लिए ऐसी रीति से मार्गनिर्देश तैयार किए जाएंगे ।

(3) **पर्यटन –** (क) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप पर्यटन महायोजना के अनुसार होंगे जो कि आंचलिक महायोजना के भाग रूप में होगी ।

(ख) पर्यटन महायोजना पर्यटन विभाग, महाराष्ट्र सरकार द्वारा राजस्व और वन विभाग महाराष्ट्र सरकार के परामर्श से तैयार की जाएगी ।

(ग) पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नलिखित के अधीन विनियमित होंगे, अर्थात् :-

(i) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मार्गदर्शक सिद्धांतों के द्वारा तथा राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, द्वारा जारी पारिस्थितिक पर्यटन (समय-समय पर यथा संशोधित) मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार, पारिस्थितिक पर्यटन, पारिस्थितिक शिक्षा और पारिस्थितिक विकास को महत्व देते हुए पारिस्थितिक संवेदी जोन की वहन क्षमता के अध्ययन पर आधारित होगा ;

(ii) पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटक क्रियाकलापों के संबंध में अस्थायी अधिभोग के लिए वास सुविधा के सिवाय संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान की सीमा से एक किलोमीटर भीतर होटल और रिसोर्टों का नया संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा ;

परंतु संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के परे पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक नए होटलों और रिसोर्टों को पूर्व परिभाषित और नामनिर्दिष्ट क्षेत्रों में आंचलिक महायोजना के अनुसार पारिस्थितिक संवेदी पर्यटन सुविधाओं के लिए अनुज्ञात किया जाएगा।

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा मानीटरी समिति की सिफारिश पर आधारित संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुज्ञात किया होगा ।

(4) **नैसर्गिक विरासत --** पारिस्थितिक संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातो आदि की पहचान की जाएगी और उन्हें संरक्षित किया जाएगा तथा उनकी सुरक्षा और संरक्षा के लिए अंतिम अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह मास के भीतर, उपयुक्त योजना बनाएगी और ऐसी योजना आंचलिक महायोजना का भाग होगा ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान करनी होगी और अंतिम अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह माह के भीतर उनके संरक्षण की योजनाएं तैयार करनी होगी तथा आंचलिक महायोजना में सम्मिलित की जाएगी ।

(6) **ध्वनि प्रदूषण** -- राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग या महाराष्ट्र राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पारिस्थितिक संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के लिए वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) के अधीन बनाए गए ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2002 के अधीन उपदर्शित उपबंधों के अनुसरण में विनियमों को कार्यान्वित करेगा ।

(7) **वायु प्रदूषण** -- राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग या महाराष्ट्र राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पारिस्थितिक संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग, वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसरण में मार्गदर्शक सिद्धांत और विनियम तैयार करेगा।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण** -- पारिस्थितिक संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण, जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार होगा ।

(9) **ठोस अपशिष्ट --** ठोस अपशिष्टों का निपटान निम्नलिखित रूप में होगा--

(i) पारिस्थितिक संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण, समय-समय पर संशोधित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016, जो भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ) तारीख 8 अप्रैल, 2016 द्वारा प्रकाशित किए गए थे, के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ;

(ii) स्थानीय प्राधिकरण जैव निम्नीकरणीय और अजैव निम्नीकरणीय संघटकों में ठोस अपशिष्टों के संपृथक्कन के लिए योजनाएं तैयार करेंगे ;

(iii) जैव निम्नीकरणीय सामग्री को अधिमानतः खाद बनाकर या कृमि खेती के माध्यम से पुनःचक्रित किया जाएगा ;

(iv) अकार्बनिक सामग्री का निपटान पारिस्थितिक संवेदी जोन के बाहर पहचान किए गए स्थल पर किसी पर्यावरणीय स्वीकृत रीति में होगा और पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों को जलाना या भष्मीकरण अनुज्ञात नहीं होगा।

(10) **जैव चिकित्सीय अपशिष्ट** - पारिस्थितिक संवेदी जोन में जैव चिकित्सीय अपशिष्टों का निपटान समय-समय पर यथासंशोधित जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016, जो भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 343(अ) तारीख 28 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित किए गए थे, के अनुसार किया जाएगा ।

(11) **यानीय परिवहन** - परिवहन की यानीय गतिविधियां आवास के अनुकूल विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध अधिकथित किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी के द्वारा अनुमोदित होने तक, मानीटरी समिति सुसंगत अधिनियमों और नियमों तथा तदधीन बनाए गए विनियमों के अनुसार यानीय गतिविधियों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(12) **औद्योगिक इकाईयॉ** -

(क) प्रस्तावित पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नए काष्ठ उद्योगों की स्थापना विधि के अनुसार स्थापित विद्यमान काष्ठ आधारित उद्योगों के लिए अनुज्ञात की जाएगी अन्यथा नहीं ।

(ख) प्रस्तावित पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर जल, वायु, मृदा, ध्वनि प्रदूषण उत्पन्न करने वाले किसी नए उद्योग की स्थापना नहीं की जाएगी ।

4. पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित क्रियाकलापों की सूची.—पारिस्थितिक संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों और तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई तालिका में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :--

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	टीका-टिप्पणी
(1)	(2)	(3)
प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप :		
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर की खदान और उनको तोड़ने की इकाइयां ।	नई और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं के लिए, घरों की मरम्मत हेतु या संनिर्माण के लिए मिट्टी को खोदने और वैयक्तिक उपयोग के लिए आवासन के लिए देशी टाइलें या ईंटों के सिवाय अनुज्ञात नहीं होंगी ; विद्यमान खानों और पत्थर तोड़ने की इकाईयों की अनुज्ञप्ति/पट्टे का विस्तार नहीं किया जाएगा । यदि अनुज्ञप्ति विभिन्न अधिनियमों के अधीन विद्यमान नियमों का अतिलंघन करती है तो अनुज्ञप्ति को समाप्त कर दिया जाएगा । खनन संक्रियाएं, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत सरकार के मामले में आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत सरकार के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के अंतरिम आदेश के अनुसरण में सर्वदा प्रचालन होगा ।
2.	आरा मीलों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मीलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।

IndiaCode

3.	जल या वायु या मृदा या ध्वनि प्रदूषण कारित करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नए और विद्यमान प्रदूषण कारित करने वाले का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
4.	जल विद्युत परियोजनाओं और ताप विद्युत संयंत्रों की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
5.	परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
6.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में अनुपचारित बहिर्स्राव और ठोस अपशिष्टों का निस्सारण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
7.	नए काष्ठ आधारित उद्योग ।	नए काष्ठ आधारित उद्योगों की स्थापना को पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमाओं के भीतर अनुज्ञात नहीं किया जाएगा : परंतु विद्यमान काष्ठ आधारित उद्योग तब तक जारी रह सकेंगे जब तक तत्समय प्रवृत्त किसी विधिके अधीन उन्हें प्रतिषिद्ध नहीं कर दिया जाता है ।
8.	नया अतिक्रमण और उनका विनियमन ।	सभी प्रकार के अतिक्रमणों का प्रतिषेध किया जाएगा ।
9.	सिंचाई विभाग द्वारा जल प्लवित क्षेत्रों को पट्टे पर देना ।	जल प्लवित क्षेत्रों में कृषि, मछली पकड़ने या किन्हीं अन्य क्रियाकलापों पर, जो झीलों और तालाबों के उपदर्शित प्रयोजनों से संबंधित नहीं हैं, के पट्टे पर पूर्ण रोक होगी ।
विनियमित क्रियाकलाप		
10.	होटलों और रिसोर्टों की स्थापना ।	राष्ट्रीय पार्क की सीमा के 1 किलोमीटर के भीतर नए वाणिज्यक होटलों और रिसोर्टों की स्थापना को सिवाए पारिस्थितिक के अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों से संबंधित पर्यटकों के लिए अस्थायी आवास के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा । परंतु 1 किलोमीटर से परे और पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान क्रियाकलापों के विस्तार पर्यटन महायोजना और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के दिशा-निर्देश के अनुरूप होंगे ।
11.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर अनुमोदित विकास योजना और महाराष्ट्र क्षेत्रीय और नगर योजना अधिनियम के लागू नियमों और विनियमों के उपबंधों के अनुसार संनिर्माण अनुज्ञात किया जाएगा । परंतु यह कि निर्माणाधीन/पुनर्रुद्धाराधीन वाणिज्यिक भवन, जिसके अंतर्गत समूह आवास सोसायटियां, कार्यालय, सूचना प्रौद्योगिकी/सूचना प्रौद्योगिकी समर्थित सेवाएं, पार्क, रोड़, विद्युत पारेषण लाइनें और केबल, दूरसंचार टावर और केबल, मल लाइनें, नागरिक सुविधाएं आदि और नई संनिर्माण परियोजनाएं जैसे मुंबई मेट्रो रेल शेड और नई नागरिक सुविधाओं का सृजन जैसे जल आपूर्ति से संबंधित अवसंरचना और सुविधाएं तथा अवसंरचना का ओ एंड एम, अनुमोदित विकास योजना और महाराष्ट्र प्रादेशिक और नगर योजना अधिनियम के अधीन संबंधित स्थानीय स्व:सरकार द्वारा स्वीकृत विकास योजना के अधीन अनुमोदित को पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर लागू नियमों और विनियमों के अधीन रहते हुए अनुज्ञात किया जा सकेगा : परंतु यह और कि वाणिज्यिक पुनर्विकास, पुनर्निर्माण, विद्यमान ढांचों की मरम्मत, जिसके अंतर्गत स्थानीय स्व:सरकार द्वारा अनुमोदित विकास योजना और महाराष्ट्र प्रादेशिक और नगर योजना अधिनियम के अधीन स्वीकृत समूह आवास सोसायटियां हैं, को पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर लागू नियमों और विनियमों के अधीन रहते हुए अनुज्ञात किया जा सकेगा ।

		प्रदूषण कारित न करने वाले लघु उद्योगों से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलापों को लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्रधिकारी की पूर्व अनुज्ञा से अनुज्ञात किया जाएगा । अनुमोदित विकास योजना पारिस्थितिक संवेदी जोन के संरक्षण परिप्रेक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए आंचलिक महायोजना के अनुसार होगी ।
12.	वृक्षों की कटाई ।	राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में किंही वृक्षों की कटाई नहीं होगी । वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार विनियमित होगी ।
13.	वाणिज्यिक जल संसाधन जिसके अंतर्गत भू-जल संचयन भी है ।	सतह जल और भू-जल के निष्कर्षण को केवल भूमि के अधिभोगी के वास्तविक कृषि उपयोग और घरेलू खपत के लिए अनुज्ञात किया जाएगा । औद्योगिक, वाणिज्यिक उपयोग के लिए सतही और भूमिगत जल का निष्कर्षण के लिए संबंधित विनियामक प्राधिकरण की पूर्व लिखित अनुज्ञा अपेक्षित होगी, जिसके अंतर्गत कितने परिणाम में वह निष्कर्षण करेगा, भी है। अनुरक्षण, पुनर्वास और बढ़ोतरी से संबंधित नगर निगम/परिषद् की जलापूर्ति अवसंरचना सुविधाओं के संनिर्माण क्रियाकलापों को अनुज्ञात किया जाएगा । सतही या भू-जल का निष्कर्ष अनुज्ञात नहीं किया जाएगा । तथापि, बोटलीकृत जल, आद्यानों और टेंकरों में जल लागू अपेक्षाओं के लिए अनुज्ञात होगा । किसी भी स्रोत, जिसके अंतर्गत कृषि है, से संदूषण या जल प्रदूषण को निवारित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे ।
14.	पारेषण केबलों और दूरसंचार टावरों का परिनिर्माण ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित किया जाएगा । विद्युत पारेषण लाइनों और केबलों, दूरसंचार टावरों का संनिर्माण, बढ़ोतरी और पुनर्रुद्धार अनुज्ञात है । नए भूमिगत केबलीकरण का संवर्धन किया जाएगा ।
15.	होटलों और लॉज के विद्यमान परिसरों में बाड लगाना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे । संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान की विद्यमान सीमा की दीवार पर ऊंची बाड लगाई जाएगी ।
16.	विद्यमान सड़कों, पुलों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ़ करना, नई सड़कों, लोक सुविधाओं या सामुदायिक भवनों का संनिर्माण ।	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर बिना किसी प्रतिकूल प्रभाव के इन क्रियाकलापों को लागू विद्यमान विधियों के अनुसार किया जाएगा ।
17.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे ।
18.	विदेशी प्रजातियों को लाना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
19.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
20.	प्राकृतिक जल निकायों या भूमि क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण ।	उपचारित बहिर्स्राव को प्रोत्साहित किया जाएगा और गाद या ठोस अपशिष्ट का निपटान लागू विनियमों के अनुसार होगा ।
21.	वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
22.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग ।	पारिस्थितिक संवेदी जोन से गैर प्रदूषण, गैर परिसंकटमय, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, उद्यान कृषि या कृषि आधारित देशीय माल से औद्योगिक उत्पादों का उत्पादन उद्योग और जो पर्यावरण पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं डालते हैं, को अनुज्ञात किया जाएगा ।
23.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण (एनटीएफपी) ।	वन्यजीव अभ्यारण्य या राष्ट्रीय उद्यान की सीमा से 100 मीटर के भीतर किसी संग्रहण केंद्र को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा ।
24.	वायु और यानिक प्रदूषण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
25.	दुकानदारों द्वारा पालिथिन बैगों का उपयोग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
26.	कृषि प्रणालियों में आमूल परिवर्तन ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।

27.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
28.	पर्यटन से संबंधित क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारों आदि द्वारा राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
29.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
30.	पारिस्थितिक पर्यटन ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
संवर्धित क्रियाकलाप		
31.	डेयरियों, डेयरी फार्मिंग, जल कृषि और मत्स्य पालन के साथ स्थानीय समुदायों द्वारा चालू कृषि और कृषि उद्यान पद्धतियां ।	लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे।
32.	वर्षा जल संचयन ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा ।
33.	जैविक कृषि ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा ।
34.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा ।
35.	कुटीर उद्योगों, जिसके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग, सुविधाजनक भंडार, स्थानीय सुविधाएं, लोक उपयोगिताएं और सामुदायिक भवन हैं ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा ।
36.	नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत का उपयोग ।	बायो गैस, सौर प्रकाश आदि का संवर्धन किया जाना है ।
37.	कृषि वानिकी ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा ।
38.	कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा ।
39.	पर्यावरण जागरुकता ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा ।

5. मानीटरी समिति.—(1) केंद्रीय सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रभावी मानीटरी के लिए एक मानीटरी समिति का गठन करेगी जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात् :-

(क)	नगर पालिका आयुक्त/अपर नगर पालिका आयुक्त, बृहत्त मुंबई नगर निगम (एमसीजीएम)	अध्यक्ष
(ख)	मुख्य परिरक्षक और निदेशक, संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान	सदस्य
(ग)	अपर नगर पालिका आयुक्त, ठाणे नगर निगम	सदस्य
(घ)	उप कलक्टर, मुंबई उपनगरीय जिला	सदस्य
(ङ)	उप कलक्टर, ठाणे जिला	सदस्य
(च)	उप कलक्टर, पालघर जिला	सदस्य
(छ)	पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठन का महाराष्ट्र सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक वर्ष के लिए नामनिर्दिष्ट किया जाने वाला एक प्रतिनिधि	सदस्य
(ज)	परिस्थितिकी और पर्यावरण के क्षेत्र से महाराष्ट्र सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक वर्ष के लिए नामनिर्दिष्ट किया जाने वाला एक विशेषज्ञ	सदस्य
(झ)	प्रादेशिक अधिकारी, महाराष्ट्र राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मुंबई/ठाणे	सदस्य
(ञ)	नगर योजना अधिकारी, मुंबई/ठाणे	सदस्य
(ट)	सहायक वन परिरक्षक (एलआरपी) ठाणे	सदस्य

(ठ)	राज्य जैव विविधता बोर्ड का सदस्य	सदस्य
(ड)	उप वन परिरक्षक, ठाणे वन प्रभाग	सदस्य-सचिव

6. निर्देश निबंधन :

(क) मानिटरी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(ख) मानीटरी समिति का कार्यकाल तीन वर्ष होगा ।

(ग) पारिस्थितिक संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित राज्य स्तरीय पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण निकासी के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी ।

(घ) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(ङ) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध कलक्टर या संरक्षित क्षेत्र का प्रभारी ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा ।

(च) मानीटरी समिति मुद्दों के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(छ) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक की केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट **उपाबंध IV** में उपबंधित रूप विधान के अनुसार उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(ज) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए समय-समय पर ऐसे निदेश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे ।

7. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभाव देने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगी ।

8. भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अधीन, इस अधिसूचना के उपबंध होंगे ।

उपाबंध I

क. संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के प्रस्तावित पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमाओं का विवरण

दिशा	घिरा हुआ
उत्तर	ससुनवघर(मलजीपड) नाला की सीमा (अक्षांश19^{0}20’48.91”उ)(देशांतर72^{0}53’32.47”पू)
पूर्व	नगले(पी.टी), ओवला(पी.टी), बोरीवडे(पी.टी), वडावली(पी.टी), कवेसर(पी.टी), कोलशेट(पी.टी), मनपड(पी.टी), मजीवाडा(पी.टी), पचपाखादी (पी.टी), मुलुंद(पी.टी), नहूर(पी.टी), करेलाबाद(पी.टी), विहार की सीमा (अक्षांश19^{0}14’39.38”उ)(देशांतर 72^{0}58’35.54”पू)
दक्षिण	आरे डेयरी प्रभाग सीमा का क्षेत्र , ग्राम साई (पी.टी) (अक्षांश19^{0}07’27.76”उ)(देशांतर72^{0}52’46.89”पू)

पश्चिम	आरे डेयरी प्रभाग सीमा का क्षेत्र, मलद(पी.टी),अकूरली(पी.टी),पोईसर(पी.टी),मगठाणे(पी.टी), कनहेरी(पी.टी),दहीसर(पी.टी),कासी(पी.टी), मीरा(पी.टी), घोदबूनदेर(पी.टी), वरसवे(पी.टी), ससुनवघर(पी.टी) (अक्षांश19⁰13'53.22"उ)(देशांतर72⁰51'45.76"पू)

ख. संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के अधिसूचित क्षेत्र की सीमा के अवस्थान बिन्दुओं के जीपीएस निर्देशांक

बिन्दु सं.	अक्षांश (उत्तर)	देशांतर (पूर्व)
1	19°10'8.16"	72°53'24.20"
2	19°10'54.76"	72°53'21.39"
3	19°10'52.86"	72°52'24.25"
4	19°11'3.42"	72°51'57.48"
5	19°11'29.34"	72°52'11.50"
6	19°11'16.29"	72°52'28.47"
7	19°11'39.98"	72°52'37.72"
8	19°11'27.68"	72°53'37.85"
9	19°12'15.25"	72°53'47.49"
10	19°11'59.78"	72°53'10.39"
11	19°12'49.65"	72°52'53.93"
12	19°13'19.23"	72°53'46.01"
13	19°14'6.58"	72°53'47.26"
14	19°14'30.32"	72°53'2.28"
15	19°14'24.12"	72°52'29.69"
16	19°15'2.33"	72°52'41.47"
17	19°14'58.68"	72°53'22.63"
18	19°15'36.10"	72°52'41.70"
19	19°15'37.22"	72°52'50.51"
20	19°16'1.54"	72°52'58.31"
21	19°16'5.97"	72°53'10.06"
22	19°15'26.30"	72°53'45.42"
23	19°16'17.91"	72°53'50.70"
24	19°16'45.43"	72°53'28.84"
25	19°16'57.91"	72°53'23.54"
26	19°17'11.76"	72°53'25.25"
27	19°17'11.02"	72°53'33.71"
28	19°17'35.83"	72°53'25.07"
29	19°16'11.23"	72°54'17.76"
30	19°15'52.51"	72°55'11.79"
31	19°16'9.14"	72°55'26.93"


IndiaCode

बिन्दु सं.	अक्षांश (उत्तर)	देशांतर (पूर्व)
32	19°16'36.03"	72°55'2.82"
33	19°16'41.23"	72°55'15.57"
34	19°16'22.88"	72°55'24.78"
35	19°16'34.36"	72°55'42.66"
36	19°16'47.70"	72°55'44.04"
37	19°17'7.19"	72°55'16.90"
38	19°16'43.05"	72°55'18.63"
39	19°17'5.25"	72°54'34.73"
40	19°16'25.43"	72°54'50.96"
41	19°17'27.38"	72°54'40.61"
42	19°18'42.31"	72°53'57.51"
43	19°19'0.11"	72°54'12.05"
44	19°18'34.46"	72°54'30.47"
45	19°19'8.68"	72°53'56.70"
46	19°20'3.00"	72°53'50.52"
47	19°19'36.40"	72°54'40.11"
48	19°20'28.82"	72°54'38.73"
49	19°19'23.77"	72°55'34.30"
50	19°19'44.11"	72°55'58.89"
51	19°17'22.34"	72°56'13.89"
52	19°17'18.29"	72°55'37.79"
53	19°16'49.75"	72°55'45.22"
54	19°17'7.38"	72°56'1.54"
55	19°16'15.25"	72°56'19.81"
56	19°15'17.36"	72°57'3.70"
57	19°14'24.40"	72°57'40.96"
58	19°15'21.93"	72°57'36.87"
59	19°15'33.26"	72°58'10.71"
60	19°14'50.47"	72°58'3.69"
61	19°14'30.88"	72°58'29.70"
62	19°14'8.58"	72°57'32.63"
63	19°13'55.19"	72°57'53.22"
64	19°12'21.27"	72°56'58.75"
65	19° 9'58.36"	72°55'43.04"
66	19°10'52.55"	72°54'41.24"
67	19° 8'32.17"	72°53'37.74"
68	19° 9'49.24"	72°53'22.17"

IndiaCode

उपाबंध-II

पारिस्थितिक संवेदी जोन का मानचित्र



पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा और संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान-बोरीवली के अधिसूचित क्षेत्र के समीप बिन्दु की दूरी से दर्शाने वाले जीपीएस अवस्थान बिन्दुओं का मानचित्र

क्र. सं.	अक्षांश (उत्तर)	देशांतर (पूर्व)	पारिस्थितिक संवेदी जोन की अधिसूचित सीमा
	(° ' ")	(° ' ")	मीटर में दूरी
1	19°10'7.33"उ	72°53'20.36"पू	100
2	19 10 42.01	72 52 21.82	100
3	19 10 41.65	72 51 56.55	100
4	19 11 27.24	72 51 59.99	100
5	19 11 20.03	72 52 24.92	100
6	19 12 03.61	72 52 44.92	530
7	19 12 33.41	72 52 38.67	507
8	19 14 01.10	72 51 51.00	1315
9	19 14 41.89	72 52 28.62	100
10	19 15 04.87	72 52 26.54	445
11	19 15 34.25	72 52 28.24	400
12	19 16 09.27	72 53 09.77	100
13	19 16 17.51	72 53 47.27	100
14	19 17 38.17	72 53 22.57	400
15	19 16 35.7	72 54 21.79	430
16	19°18'44.12"उ	72°53'54.18"पू	100
17	19 19 42.19	72 53 36.70	465
18	19 20 08.69	72 53 43.42	270
19	19 20 48.96	72 53 32.00	1506
20	19 20 32.48	72 53 42.83	918
21	19 20 37.33	72 53 49.27	1029
22	19 20 14.17	72 54 02.26	300
23	19 20 16.55	72 54 19.91	232
24	19 20 40.08	72 54 31.92	400
25	19 20 56.58	72 55 11.92	1065
26	19 20 30.07	72 55 35.20	1234
27	19 20 04.68	72 55 47.52	755
28	19°18'57.47"उ	72°56'23.32"पू	260
29	19 17 13.36	72 55 50.05	278
30	19 16 54.85	72 56 14.70	335
31	19 17 02.18	72 56.35.87	1050
32	19 16 25.52	72 57 02.91	1300
33	19 15 30.43	72 57 22.05	500

IndiaCode

34	19 15 31.11	72 58 06.74	100
35	19 14 59.98	72 58 06.68	100
36	19 14 44.52	72 58 29.48	100
37	19 14 15.97	72 58 14.68	610
38	19 13 49.34	72 57 51.14	100
39	19 13 10.04	72 57 12.78	100
40	19 12 28.47	72 57 03.00	100
41	19 11 49.28	72 56 35.04	100
42	19 09 54.26	72 55 46 .88	100
43	19 09 53.97	72 55 42.13	133
44	19° 9'30.55"उ	72°55'36.69"पू	862
45	19 08 22.37	72 54 07.46	100
46	19 08 07.10	72 53 52.00	880
47	19 07 45.34	72 53 11.68	1618
48	19 08 01.73	72 53 20.47	1053
48क	19 08 16.61	72 52 51.16	1430
49	19 07 50.02	72 52 35.15	2225
50	19 08 26.73	72 52 26.93	2060
51	19 08 31.42	72 51 19.31	4000
52	19 10 10.93	72 51 34.02	3216
53	19 10 04.35	72 52 15.28	2011

उपाबंध-III

क. संरक्षित क्षेत्र के अक्षांश और देशांतर के साथ पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों/नगरी की सूची (निर्देशांक में कम से कम एक बिन्दु)

क्र.सं.	ग्राम के नाम	अक्षांश (उत्तर)	देशांतर (पूर्व)
1	तुलसी ग्राम में तुलसी झील	19°11’25.99”	72° 55’00.72”
2	क्लेराबाद	19°09’59.11”	72° 55’42.14”
3	मुलुनद	19°10’47.09”	72° 56’19.99”
4	नाहुर	19°10’02.33”	72° 55’52.84”
5	गुन्दगांव (विहार झील)	19°10’10.59”	72° 55’19.52”
6	विहार (विहार झील)	19°08’45.58”	72° 55’22.43”
7	कंजुर	19°08’32.66”	72° 55’13.80”
8	पसपोली	19°08’19.32”	72° 54’26.38”
9	सैई	19°08’22.89”	72° 54’31.23”
10	आरे का क्षेत्र (गोशाला विकास प्रभाग)	19°09’59.24”	72° 51’31.90”

IndiaCode

11	आरे	19°10'04.75"	72° 52'31.31"
12	मरोल (मोरोशी)	19°08'22.27"	72° 53'37.37"
13	मलाद	19°10'50.99"	72° 52'54.28"
14	अकुरली	19°11'51.86"	72° 52'42.88"
15	पोइसार	19°12'45.92"	72° 52'37.54"
16	कनदीवली	19°12'28.52"	72° 50'38.93"
17	मगाथाने	19°13'07.72"	72° 52'23.75"
18	कनहेरी	19°13'52.58"	72° 51'45.53"
19	शिमपोली	19°13'10.14"	72° 50'45.17"
20	बोरीवली तारफ मलाद	19°14'07.70"	72° 50'15.02"
21	दहीसार	19°14'16.12"	72° 52'22.34"
22	काशी	19°15'43.13"	72° 52'48.54"
23	मीरा	19°15'27.70"	72° 53'47.65"
24	घोदबुन्देर	19°17'31.44"	72° 53'22.10"
25	वरसावा	19°16'37.12"	72° 54'24.26"
26	चेने	19°16'28.17"	72° 55'01.30"
27	प्राचीन गांव -ओवला (नया गांव सहित भयानदेरपाडा)	19°17'06.44"	72° 56'23.27"
28	वदावली	19°15'28.32"	72° 57'18.84"
29	बोरीवाडा	19°15'24.04"	72° 57'35.51"
30	कावेसर	19°15'33.30"	72° 57'55.78"
31	कोलशेट	19°14'58.33"	72° 58'28.02"
32	मनपाडा	19°14'13.46"	72° 58'26.87"
33	मजीवाडा	19°13'43.89"	72° 57'43.25"
34	पचपाखाडी	19°12'15.06"	72° 57'15.79"
35	येउर	19°14'01.49"	72° 56'40.71"
36	ससुनावघर	19°19'15.85"	72° 53'37.82"
37	मोरी	19°20'53.73"	72° 54'35.26"
38	पोमान	19°20'22.36"	72° 55'42.07"
39	कमान	19°20'59.72"	72° 54'56.78"
40	शिलोत्तार	19°20'00.32"	72° 55'46.02"
41	नागले	19°18'57.18"	72° 56'23.63"

InfiCode

ख. पारिस्थितिक संवेदी जोन में सम्मिलित क्षेत्रों के साथ ग्रामों और सर्वेक्षण संख्या

क्रं.सं	तालुक	ग्रामों के नाम	पारिस्थितिक संवेदी जोन				कुल (हेक्टेयर)
			निजी भूमि सर्वे सं.	निजी भूमि (हेक्टेयर)	वन भूमि सर्वे सं.	वन क्षेत्र (हेक्टेयर)	
1	कूरला	मुलूनद	377/351पी टी, 380पी टी, 247पी टी, 232पी टी, 247पी टी, 248पी टी, 249पी टी, 251पी टी, 250पी टी, 245पी टी,	18.590	377/351 पी टी	2.800	21.390
2		नहूर	150पी टी (17 ए पी टी), 147 पी टी, 146 पी टी, 155 पी टी, 176/148, 165, 167.	15.680	177/148 पी टी	2.873	18.553
3	बोरीवली	गुन्दगांव (विहार झील)	विहार झील	293.1100	124 पी टी,	45.527	338.637
4		विहार (विहार झील)	61, 62, 63, 58, विहार झील	510.790	---	---	510.790
5		आरे डेयरी विभाग का क्षेत्र और सौंप गये क्षेत्रों द्वारा आरे के अन्य राज्य विभागों में ग्रामों को शामिल किया गया।	-------	1114.7400	---	---	1114.7400
6	बोरीवली	ग्राम में महाराष्ट्र फिल्म, स्टेज और सांस्कृतिक विकास निगम लिमिटेड का फिल्मसिटी क्षेत्र - आरे पी टी, सैई-पी टी और गुन्दगांव पी टी	1/1, 1/3 पी टी, 1/4 पी टी, 188 पी टी(124पी टी), 19 पी टी,	210.8300	---	---	210.8300
7	अंधेरी	मरोल (मोरोशी) (रॅायल पाम)	169	97.0000	सीटीएस सं	76.0000	173.000
8	बोरीवली	सैई	162, 168, 6, 7, 160, 118पी टी, 8, 179, 9, 10, 128, 19, 18, 5, 169, 12, 15, 170, 17, 16, 173, झील	137.3100	19पी टी	3.3150	140.6250
9		क्लेराबाद	55,56,	10.6817	57पी टी	0.395	11.0767
10		मलाद	239/1पी टी, 269, 267पी टी, 271, 272, 253पी टी, 273पी टी, 274पी टी, 275पी टी, 276, 277पी टी, 278पी टी, 237पी टी, 221पी टी, 227पी टी, 226पी टी, 224, 223पी टी, 234, 222पी टी, 225पी टी,	95.1200			95.1200

IndiaCode

			228पी टी, 233पी टी, कूरर ग्राम भाग क्षेत्र				
11		अकूरली	88पी टी, 86पी टी, 87A-पी टी	17.2300	87ए-पी टी	99.7090	116.9390
12		पोईसर	41पी टी, 42Aपी टी,	16.1200	42/ए-पी टी, 46	119.4910	135.6110
13		मगठाणे	148पी टी, 80, 88पी टी, 99पी टी, 98पी टी, 97पी टी, 96पी टी, 105पी टी, 95पी टी, 94पी टी, 57पी टी, 58पी टी, 50पी टी, 34पी टी, 47पी टी, 48पी टी, 89पी टी, 34B-पी टी.	26.2800	34बी-पी टी	575.3310	601.6110
14		कनहेरी	17पी टी, 16पी टी, 18Aपी टी, 18गबी, 19पी टी, 21पी टी, 10पी टी, 97पी टी, 20पी टी, 9पी टी	19.7700	11, 12, 13, 14, 15	12.6060	32.3760
15		दहीसर	345-पी टी, 210पी टी, 211पी टी, 164पी टी, 163पी टी, 151पी टी, 149पी टी, 147पी टी, 146पी टी, 101पी टी, 100पी टी, 99पी टी, 98पी टी,	39.7400	345ए -पी टी	87.8330	127.5730
16	ठाणे	कशी	89पी टी, 83पी टी, 82,79पी टी, 80, 90पी टी, 103पी टी, 77पी टी, 69पी टी, 68पी टी, 66पी टी, 58पी टी, 65, 64पी टी, 61पी टी, 62, 100पी टी, 101,60,55पी टी,96पी टी, 102पी टी, 54पी टी, 52पी टी, 104पी टी, 53,63, 47पी टी, 67पी टी, 43पी टी, 44पी टी, 45पी टी, 94पी टी, 50पी टी	34.0900	---	---	34.0900
17		मीरा	95पी टी, 96पी टी, 94पी टी,93पी टी, 92, 85पी टी, 84पी टी, 83पी टी, 79पी टी, 78पी टी, 77पी टी, 76पी टी, 69पी टी, 68पी टी, 67पी टी, 66पी टी, 65पी टी, 98पी टी, 70,	23.0000	---	---	23.0000
18		गोधुनदेर	खादी भाग , 244, 205, 241पी टी,गवथन, गवथन(पी टी) 236, 235, 237, 202, 203पी टी, 200, 240, 198, 14पी टी, 17पी टी, 18पी टी, 19पी टी, 191, 193पी टी, 188, 187पी टी, 186, 184, 183पी टी, 185पी टी, 177, 178पी टी, 215, 176पी टी, 174पी टी, 173, 216पी टी, 182पी टी, 180पी टी	38.0400	217पी टी	0.5570	38.5970
19		वीरसावा	5पी टी, 6, 7, 10, 9पी टी, 11, 13, 14, 15,16पी टी, 2, गवथन , 109पी टी, 105पी टी, 106, 107, 108, 103, 102, 101पी टी, 91, 88, 89, 90, 87पी टी, 85पी टी, 86, 80पी टी, 78, 79, 77, 69, 68,	58.6500	3पी टी, 34पी टी, 31, 32पी टी, 33पी टी	102.0840	160.7340
20		चेने	संपूर्ण क्षेत्र	185.3700	101पी टी, 9पी टी,	13.9150	199.2850
21		ओवला	खादी भागt, 296, 286, 287, 288, 291पी टी, 285पी टी, 274पी टी, 273पी टी, 275पी टी, 276पी टी, 268पी टी, 269पी टी, 271, 272पी टी, 250पी टी, 245पी टी, 244, 243पी टी, 241पी टी, 240, 238, 239, 162पी टी, 161पी टी, 124पी टी, 121पी टी, झील, 251पी टी, 249पी टी, 247पी टी, 237पी टी. 119, 120/1-10, 122पी टी, 117पी टी, 118पी टी, 106पी टी, 115पी टी, 113पी टी, 124पी टी,	92.6500	120/11, 273/3, 273/5, 291, 297	415.1470	507.7970
22		वडावली	19पी टी	1.9100	---	---	1.9100
23		बोरीवडे	½, 1/1पी टी, 2/6, 2/5, 2/4, 2/3, 2/2, 2/1, 3पी टी,	11.5900	83/1, 2,	136.8300	148.4200

			4/2, 4/1, 4/3, 6/3पी टी, 5/2, 6/1, 6/2, 8/5पी टी, 8/4, 8/1पी टी, 74 पी टी, 75 पी टी, 78पी टी, 91/3, गवथन, 91/1पी टी, 91/2पी टी, 92पी टी,		4, 9, 10, 5/1, 84/1/1, 85/1/2, 86/1/2, 79, 80,		
24		कवेसर	142, 143पी टी, 145पी टी, 154पी टी, 151पी टी, 147पी टी, 149, 150, 158पी टी, 159, 160, 161, 163पी टी, 162पी टी, 165पी टी, 166पी टी, 168पी टी, 170पी टी, 169पी टी, 196पी टी, 193पी टी, 185पी टी, 196, 197, 198, 141पी टी, 139पी टी, 146पी टी	42.0000	---	---	42.0000
25		कोलसेट	291पी टी, 100पी टी, 99पी टी, 114पी टी, 113पी टी, 112, 111पी टी, 110पी टी, 109/107, 108पी टी, 107, 106, 285पी टी	10.8400	---	---	10.8400
26		मनपड	57/3, 57/1पी टी, 57/2, 59ए /30/1पी टी, 59ए/31पी टी, 59/32, 59/27, 58/1पी टी, 59बी-पी टी, 59/1पी टी, 59/16पी टी, 59/18पी टी, 59/19पी टी, 59ए/28पी टी, 59ए/20, 59ए/2, 59ए/3, 59ए/4, 59ए/5, 59ए/13, 59ए/11पी टी, 70, 59ए/10, 71,59/सी, 59ए/6, 59ए/7, 59ए/8, 59ए/9	49.4054	59/1पी टी	68.1410	117.5464
27		मजीवादा	380पी टी, 254पी टी, 260पी टी, 261पी टी, 269, 263पी टी, 264पी टी, 268पी टी	66.8900	419पी टी	1.7200	68.6100
28		पचपाखादी	432पी टी, 431पी टी, 430पी टी, 423पी टी,धेहरी नरसारी क्षेत्र, 263पी टी, 264पी टी, 265पी टी, 266पी टी, 267पी टी, 520पी टी, 373पी टी, 371पी टी, 270पी टी, 287पी टी, 288पी टी, 286पी टी, 285पी टी, 289पी टी, 291पी टी,नाला क्षेत्र -पी टी, 163पी टी, 160पी टी, 159, 158पी टी,	42.0000	519पी टी, 520पी टी	4.8350	46.8350
29		येउर	संपूर्ण क्षेत्र	197.4530	42/1, 14, 20,	6.1690	203.6220
30	वसई	ससुनावघर	312/ए/1/(80), 312पी टी, 249पी टी, गवथन, 38(81), गवथन, 232(79), 244(77), 245(73), 248(76), 362पी टी, 251, 328, 68, 13(66), 12(67), 14(64), 16(65), 15(63), 17(62), 18(61), 374(60), 19(59), 11(69), 355(77) 21(78) 22(79) 23(80) 28(82) 26(83) 27(84) 24(81) 28(85) 32 (86) 33(88) 34(87) 35(91) 36(90) 37(92) 38(96) 39(97) 71(154) 72(157) 74(156) 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 151, 8, 19, 20, 21, 22, 23, करनाला पाडा 24, 25, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32, 33, 34, 35, 36, 37, 38, 39, 40, 41, 42, 43, 44, 45, 46, 47, 48, 49, 50, 51, 52, 53, 54, 55, 56, 57,	103.3200	312पी टी, 249,	130.5810	233.9010
31		मोरी	संपूर्ण क्षेत्र	164.5300	---	---	164.5300
32		पोमन	220,188,187,217,पड 216, 212, 214, 185, 219, 249, 184, 183, 221, 222, 186, 181, 182, 17, 175, 176, 174, 179, 223, 178, 177, 211, 169, 173, 172, 171, 247, 170, पड, 168, 167, 163, 164, 160, 161, 162,166,165.	79.1300	---	---	79.130
33		कमन	99, 149, 148, 147,	12.1400	---	---	12.1400
34		शीलोटर	5, 4, 3, 1पी टी, 21पी टी, 6	3.6300	---	---	3.6300

IndiaCode

35	बोरीवली	शीमपोली	----	---	20	4.8460	4.8460
36		बोरीवली तरफ मलद	---	---	143, 146, 147	7.2490	7.2490
37		कंडीवली	---	---	164ए	0.7520	0.7520
38		तुलसी	झील	120.0000	---	---	120.0000
39		नगले	7, 72पी टी, 6, 65पी टी, 92पी टी, 5, 4पी टी, 16पी टी, 15पी टी, 14पी टी, 21पी टी, 20पी टी, 70, 69, 22, 11, 67, 24पी टी, 10पी टी, 25पी टी, 29पी टी, 66 30पी टी, 32पी टी, 33पी टी, 35पी टी, 34पी टी, 59पी टी, 37पी टी, 38पी टी, 39पी टी,	39.3202	23	6.2625	45.2827
40		पसपोली	22पी टी, 23 पी टी,	18.7100			18.7100
41		कनजूर		3.0000			3.0000
		कुल		**4020.6603**		**1924.9685**	**5945.6288**
एन.बी. : 1. उपरोक्त सर्वेक्षण ग्राम मानचित्रों और अभिलेखों को डीसीएफ, ठाणे के कार्यालय की क्रमानुसार सूची में उपलब्ध है।							

उपाबंध- IV

पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति - की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का रूप विधान

1. बैठकों की संख्या और तारीख ।
2. बैठकों का कार्यवृत : कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें । बैठक के कार्यवृत्त को एक पृथक अनुबंध में उपाबद्ध करें ।
3. आंचलिक महायोजना की तैयारी की प्रास्थिति जिसके अंतर्गत पर्यटन महायोजना।
4. भू-अभिलेख में सदृश्य त्रुटियों के सुधार के लिए कार्यवाही किए गए मामलों का सारांश ।
5. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाली क्रियाकलापों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरों को पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किया जा सकेगा ।
6. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली क्रियाकलापों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरों को पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किया जा सकेगा ।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सारांश ।
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण विषय ।

[फा. सं. 25/47/2014-ईएसजेड-आरई]

डॉ. टी. चांदनी, वैज्ञानिक 'जी'

IndiaCode

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 5th December, 2016

S.O. 3645(E).—Whereas, a draft notification, declaring Eco-sensitive Zone around Sanjay Gandhi National Park, Borivali in Mumbai of Maharashtra State, was published in the Gazette of India, Extraordinary, vide notification of the Government of India in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change number S.O. 229(E), dated the 22nd January, 2016, inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby within a period of sixty days from the date on which copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;

AND WHEREAS, copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public on the 22nd January, 2016;

AND WHEREAS, objections and suggestions received from all persons and stakeholders in response to the draft notification have been duly considered by the Central Government;

AND WHEREAS, the Sanjay Gandhi National Park (hereinafter referred to as the National Park) is a unique habitat enclosed in the metropolis of Mumbai and is located in the Thane and Mumbai District of Maharashtra State between N 19^{o} 8.8" to 19^{o} 21" latitude and E 72^{o} 53" to 72^{o} 58" longitudes;

AND WHEREAS the National Park is home to a number of endangered species of flora and fauna and harbours approximately 1300 species of flowering plants, 45 species of mammals, 43 species of reptiles, including 38 species of snakes, 12 species of amphibians, 300 species of birds, 150 species of butterflies;

AND WHEREAS, the area is known for mammalian species such as Leopard (*Panthera pardus*), Wild Boar (*Sus sp*), Four Horned Antelope (*Tetracerus quadricornis)*, Blacknaped Hare, Wild Cat (*Felis chaus)*, Jackal (*Canis aureus)*, and Porcupine (*Hystrix indica)* and also harbours many bird species such as Peacock (*Pavo cristatus)*, Lesser Grebe, Purple Heron (*Ardea purpurea)*, Smaller Egret, Lesser Whistling Teal, Pariah Kite, Bulbul and many reptiles are also found in the National Park including snakes as Indian Cobra and Viper;

AND WHEREAS, the vegetation of the area ranges from littoral forests to western sub-tropical hill forests and as per the revised classification of Indian Forest Types by Champion and Seth, the National Park has Southern Tropical Moist Mixed Deciduous Forest and Western Sub Tropical Hill Forest and some of the tree species are *Tectona grandis*, *Terminalia tomentosa*, *Acacia catechu*, *Adina cordifolia, Mitragyna parviflora*, *Pterocarpus marsupium*, Holarrhena antidyssentrica, Butea monosperma, and Diospyros melanoxylon etc.;

AND WHEREAS, it is necessary to conserve and protect the area the extent and boundaries of which is specified in paragraph 1 of this notification around the Sanjay Gandhi National Park as Eco-sensitive Zone from ecological and environmental point of view and to prohibit industries or class of industries and their operations and processes in the said Eco-sensitive Zone;

NOW Therefore, in exercise of the power conferred by sub-section(1) and clauses (v) and (xiv) of sub-section (2) and sub-section (3) of section 3 of the Environment (Protection) Act 1986 (29 of 1986) read with sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986, the Central Government hereby notifies an area to an extent of 100 meters to four kilometers from the boundary of Sanjay Gandhi National Park in the State of Maharashtra as the Sanjay Gandhi National Park Eco-sensitive Zone (hereinafter after referred to as Eco-sensitive Zone) details of which are as under, namely:-

1. **Extent and boundaries of Eco-sensitive Zone**.—(1) The Eco-sensitive Zone is spread over an area of 59.456 sq.km to an extent of 100 meters to four kilometers from the boundary of Sanjay Gandhi National Park and the boundary description of the Eco-sensitive Zone is given in **Annexure I**.

